हादसा | मझौली के बीछी तिराहे में घटित हुई दर्दनाक घटना

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मझौली, नवभारत।** मझौली थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीछी तिराहे में हुई एक बेहद हृदयविदारक घटना में एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित बेलगाम वाहन ने युवक को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।'

'मृतक की पहचान ग्राम इंद्राना कांपा निवासी अजय कुमार भूमिया के रूप में हुई है, जो बालिचरण भूमिया के पुत्र थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अजय का विवाह ग्राम डुंगरिया में हुआ था। बताया जा



मृतक के जीवित अवस्था का चित्र



रहा है कि युवक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से विक्षिप्त था, जिसके चलते वह अक्सर क्षेत्र में घूमता रहता था। 'हादसे की खबर मिलते ही मझौली पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस उस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद से इंद्राना कांपा और डुंगरिया दोनों गांवों में मातम पसरा हुआ है।

'सड़कों पर बढ़ती रफ्तार और लापरवाही आए दिन मासूमों की जान ले रही है। मझौली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# गैस वितरक की मनमानी से मझौली के उपभोक्ता परेशान

▶ सिंगलदीप इंडेन गैस एजेंसी पर लगे आरोप



**मझौली, नवभारत।** शासन और प्रशासन द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कड़े नियम बनाए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर रसूखदार एजेंसियां इन आदेशों को ठेंगा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। ताज़ा मामला मझौली क्षेत्र का है, जहाँ सिंगलदीप इंडेन गैस एजेंसी (इंद्राना) की खुली मनमानी सामने आ रही है।

जबलपुर कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति में पारदर्शिता और सुगमता बरती जाए, लेकिन इंद्राना स्थित गैस एजेंसी द्वारा इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि एजेंसी द्वारा नगर मझौली के बाहर गैस सिलेंडरों का वितरण अनियमित तरीके से किया जा रहा है, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### समय पर नहीं वितरित हो रहे सिलेंडर

स्थानीय सूत्रों और उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिंगलदीप इंडेन गैस एजेंसी अपनी मनमर्जी के मुताबिक वितरण प्रणाली चला रही है। समय पर सिलेंडर न मिलना और निर्धारित क्षेत्र से बाहर वितरण करना अब आम बात हो गई है। उपभोक्ता शिवम का कहना है कि जब वे अपनी शिकायत लेकर जाते हैं, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। हैरानी की बात यह है कि नगर मझौली और आसपास हो रही इस धांधली की खबर शायद प्रशासन को नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कलेक्टर के सख्त रुख के बावजूद एजेंसी का इस तरह बेखौफ होकर काम करना प्रशासनिक पकड़ पर सवालिया निशान खड़े करता है।



# किसान की बेटी रश्मि ने रचा इतिहास

▶ ग्राम के विद्यालय भिटोनी में किया गया सम्मान

**सिहोरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में रश्मि पिता वीरन गडारी ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की मैरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ ने प्राथमिक शाला भिटोनी में सम्मान समारोह का आयोजन किया ज्ञात हो रश्मि ने इसी स्कुल से पांचवीं तक की प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण की थी। संघ ने ट्राफी भेंटकर तथा विद्यालय परिवार ने मेडल पहनाकर सम्मान किया। बेटी की इस सफलता से ग्राम में जश्न का माहौल है और हर तरफ सफलता की चर्चा हो रही। रश्मि ने कहा कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है और जब प्रयास ईमानदारी से किए जायें तो ईश्वर भी मदद करते हैं इस अवसर पर अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, जगदेव प्रसाद पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक संस्था जबलपुर, नलिन पटेल, मोहनलाल पटेल, इंद्र कुमार पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मझौली, सुनील पटेल ब्लॉक ब्लॉक अध्यक्ष सिहोरा, डॉक्टर गोविंद पटेल, विद्यालय से शिक्षक अंजुम परवीन, सुनील कुमार तिवारी, निधि लक्ष्मी तिवारी, माध्यमिक शाला गौरहा से के एल राय, प्रदीप झरिया, कोमल प्रसाद सहित संघ के अनेक पदाधिकारी एंव ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सृष्टि को मिला गोल्ड मेडल



**सिहोरा।** गोसलपुर के पूर्व सरपंच गोविंद सिंह राजपूत माता शिखा सिंह राजपूत की पुत्री सृष्टि सिंह राजपूत ने सेंट एलाइसिस महा विघालय जबलपुर में माइक्रोबायोलॉजी से बीएससी अंतिम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान पाने पर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा शनिवार को आयोजित एक सम्मान समारोह में सृष्टि सिंह राजपूत को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

### आस्था ने बढ़ाया मझगवां का मान



**सिहोरा।** मझगवां निवासी आस्था गुप्ता ने दसवीं बोर्ड में 96.8 % अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आप गवर्मेंट गर्ल्स हाई स्कूल मझगवां की छात्रा है आपका सुपर हैंडर्ड में भी सिलेक्शन हुआ आप मझगवां निवासी अनिल रश्मि गुप्ता की सुपुत्री हैं आस्था की सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना लोगों ने की है।






# भोपाल सम्मेलन में पहुंचे पाटन विस के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**नवभारत, कटंगी।** मध्य प्रदेश के समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का महत्वपूर्ण सम्मेलन भोपाल स्थित रविन्द्र भवन में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में संगठन सृजन के संकल्प को और अधिक सशक्त करते हुए सभी ब्लॉक अध्यक्षों को बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ने का संकल्प मुख्य वक्ता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिलाया गया। यह सम्मेलन संगठन की एकजुटता, सक्रियता और आगामी रणनीति को नई दिशा देने वाला साबित हुआ। जिसमें शामिल होकर एक नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षों ने लिया। यहां मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ साथ राष्ट्रीय नेतृत्व भी उपस्थित हुआ।

जबलपुर जिले के पाटन विधानसभा के चारो ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शामिल हुए । स्थानीय स्तर से ब्लॉक कटंगी अध्यक्ष नेक नारायण सिंह , ब्लाक अध्यक्ष पाटन संजय यादव, ब्लाक अध्यक्ष मझौली अम्बर सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य लखनपुर मझौली पाटन कटंगी विधानसभा एवं (ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पोंडा) प्रदीप पटेल आदि शामिल हुए। सम्मेलन में प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के ब्लॉक अध्यक्षों को संबोधित कर आगामी रणनीति व कार्यशैली पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

### परशुराम प्रगटोत्सव पर वाहन रैली आज



**सिहोरा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव संयुक्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आज विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है। जो नृसिंह मंदिर खितौला से सुबह 8.30 पर प्रारम्भ होकर रेलवे फाटक, खितौला बाजार, पेट्रोल पंप तिराहा से होकर बाबाताल, हरदौल मंदिर, मैना कुआं, सरावगी मोहल्ला, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक, गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर शिव मंदिर बाबाताल में समापन होगा। जहां पूजन अर्चन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है संयुक्त ब्राह्मण समाज ने सभी विप्रजनों से वाहन रैली में उपस्थिति की अपील की है।

# ग्वारीघाट में पूजन कर रहे अधेड़ के कपड़े और नकदी समेत मोबाइल पार



**जबलपुर।** ग्वारीघाट में पूजा-अर्चना करने आए एक श्रद्धालु के कपड़े और उनमें रखा कीमती सामान लेकर चोर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार द्वारका नगर घमापुर निवासी दिलीप कुमार शर्मा (52) पत्नी मीना शर्मा के साथ ग्वारीघाट स्थित त्रिशूल वाले पंडा के घाट पर पूजन के लिए आए थे। दिलीप कुमार अपने कपड़े घाट पर रखकर नर्मदा स्नान करने चले गए। स्नान के बाद वे तौलिया पहनकर वहीं हो रही सत्यनारायण कथा सुनने लगे और फिर पत्नी के साथ मंदिर में दर्शन करने चले गए। जब वे वापस आए, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। जहाँ उन्होंने अपने कपड़े रखे थे, वहाँ से उनका डार्क ग्रे कलर का पैंट गायब था। चोरी गए पैंट की जेब में पीड़ित का पर्स रखा था, जिसमें न केवल 12,000 नगद थे, बल्कि महत्वपूर्ण दस्तावेज भी थे।



# घर के आंगन में घूम रही थी दो फीट लंबी गोह

**जबलपुर ।** पाटन थानांतर्गत चौधरी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 4 निवासी विजय प्रजापति के घर के आंगन में विगत तीन दिन से एक दो फीट लंबी गोह यहां वहां घूमते हुए परिजनों के लिए दहशत का पर्याय बनी हुई थी। शनिवार दोपहर तीन बजे जब गोह सीढ़ियों के नीचे बैठी थी तभी स्थानीय कुलदीप बबेले ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए गोह को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

### अशोक असाटी (मुन्ना भैया) का निधन



**पनागर, नवभारत।** विद्यासागर वार्ड निवासी अशोक असाटी मुन्ना भैया का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप आशीष असाटी के पिता रहे। अंतिम संस्कार रविवार सुबह जगमोहन वार्ड पड़ाव स्थित शमशान घाट में किया जायेगा।

### पुराने बस स्टैंड में मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**नवभारत उमरिया।** जिले के पुराने बस स्टैंड के शारदा मन्दिर के पास स्थित भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का प्रगटोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ मनाया जाएगा।



# व्यवस्थाओं का जायजा लेने बीएमओ पहुंचे बेलखाडू

▶ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिलेवरी सेवाओं को लेकर हुई बैठक में दिए निर्देश

**नवभारत, बेलखाडू।** शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी पनागर डॉ संजय जैन एवं प्रतिभा तिवारी बी पी एम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू में संचालित डिलेवरी (प्रसव)सेवाओं का मूल्यांकन किया, इसमें सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश मौके पर दिए ।

साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिन सेक्शन का कार्य असंतोष प्रद था उसको लेकर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए, सुधार करने हेतु निर्देश दिए गए, इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ पीयूष द्विवेदी, अस्पताल स्टॉफ एवं समस्त फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

# उपार्जन व्यवस्था रखें दुरुस्त, बिचौलिये, व्यापारी गबड़बड़ी न कर पायें

▶ जिला प्रशासन और किसान संघों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



**जबलपुर, जबलपुर।** किसान संगठन उपार्जन की व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहभागी बने ताकि वास्तविक किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो और बिचौलिये या व्यापारी इस व्यवस्था का अनुचित लाभ न उठा पायें। यह बातें कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में कहीं। इस दौरान उपार्जन, नरवाई प्रबंधन, ई-विकास प्रणाली, नहरों के रखरखाव और विद्युत आपूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। कलेक्टर ने किसानों की कृषि से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने किसानों के उपार्जन से जुड़े मुद्दों और शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने की हिदायत भी अधिकारियों को दी। कृषि से अधिक आय अर्जित करने के लिये किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों को तथा फसल विविधीकरण को अपनाने की सलाह दी। कलेक्टर सिंह ने किसानों को सिंचाई के लिये बरगी बांध की नहरों से पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि नहरों के आखिरी छोर तक पानी नहीं पहुंचने की किसानों की शिकायतों का निराकरण करने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की जल्दी ही अलग से बैठक बुलायें।

### 47 केन्द्र स्थापित, 11 और शुरू होंगे

बताया गया कि किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन कार्य प्रारंभ हो चुका है। अभी तक 47 उपार्जन केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं। जल्दी ही 11 उपार्जन केंद्र और शुरू किये जा रहे हैं। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, कृषि से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी तथा जिला उपार्जन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

### आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन

श्री सिंह ने किसान संघों की मांग पर ई-विकास प्रणाली का तहसील स्तर पर किसानों के लिये प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ई- विकास पोर्टल पर खसरा नहीं जुड़ने की किसानों की समस्या के निराकरण के लिये भी तहसील स्तर पर शिविरों के आयोजन आयोजन करने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में नरवाई जलाने से कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति एवं पर्यावरण को वाले नुकसान की जानकारी दी गई तथा किसानों से नरवाई नहीं जलाने का अनुरोध किया गया। नरवाई प्रबंधन की इलेक्ट्रिक रीपर तकनीक का प्रजेंटशन बैठक में दिया गया तथा इसकी विशेषताएं बताई गईं। इसके साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों प्रदर्शन भी कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। बैठक में गेहूँ उपार्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी भी किसानों को दी गई।

अव्यवस्था | किसानों के लिए सुनिश्चित की जाएं गेहूं उपार्जन केंद्रों में सुविधाएं

# खरीदी संस्था शासन के निर्देशों की कर रहे अवहेलना

**नवभारत, बेलखाडू।** शासन के निर्देश पर 15 अप्रैल से रबी फसल के गेहूं का उपार्जन शुरू होना था लेकिन खरीदी आज दिनाँक तक प्रारंभ नहीं हो सकीं है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। शासन के दिशानिर्देशो के अनुसार जबलपुर ज़िले में अभी तक 47 खरीदी केंद्रों की सूची जारी की गई है जिसके अनुसार खरीदी प्रारंभ हो जाना चाहिए थी, साथ ही खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व समस्त तैयारियां करने के निर्देश भी खरीदी केंद्रों को हैं । तैयारियों की पुष्टि खरीदी संस्थाओं तथा केन्द्र प्रभारी को करना होती है।



किसानों का कहना है कि खरीदी संस्था शासन के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए किसान विविध पटेल, लटोरी पटेल पौड़ी, किसान संगठन के रामकिशन पटेल, भारत पटेल, सुरेंद्र तिवारी, नीरज पटेल भर्रा, रामसिंह पटेल, बिहारी पटेल छपरी ने मांग की है कि खरीदी केंद्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराकर किसानो का गेहूं का उपार्जन सभी श्रेणियों के किसानो का किया जावे । दूसरी ओर किसानों ने जानकारी देते हुए आरोप लगाया कि गर्रेहा तेरह मील कटंगी रोड जबलपुर स्थित एक बेयरहाउस गोडाउन जो कि जबलपुर थोक उपभोक्ता भंडार को खरीदी एजेन्सी का केंद्र बनाया गया है।

इस खरीदी केंद्र के गोडाउन में खरीदी केंद्र से संबंधित न तो पोस्टर्स लगे हैं। साथ ही गोडाउन की साफ सफाई नहीं होने से कचरा भरा पड़ा है और पुराने सड़े गले बारदान का ढेर लगा हुआ है । इस कारण किसान जाते हैं देखकर वापिस लौट जाते हैं । सरकार के कृषि कल्याण वर्ष दौरान ही खरीदी केंद्र में किसानो को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाएं का अभाव है । इस खरीदी केंद्र का फोटो देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि शासन के निर्देशों की खुली अवहेलना हो रही है।

### किसानों ने उठाई आवाज

किसानों की मांग है कि प्रशासन को चाहिए कि खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जावे तथा खरीदी केंद्रों द्वारा शासन के मापदंडों के अनुसार सभी सुविधाओं को तुरंत मुहैया कराया जाए ताकि किसान परेशान न हो तथा शासन का कृषि कल्याण वर्ष का उदेश्य सार्थक हो सके।